भारत सरकार
संचार मंत्रालय
दूरसंचार विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 4061
उत्तर देने की तारीख 12 अगस्त, 2026

वोडाफोन आइडिया का परिचालन और प्रबंधन नियंत्रण

4061. श्री सु. वेंकटेशनः

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) भारत सरकार द्वारा वोडाफोन आइडिया (वीआई) में वर्तमान में धारित इक्विटी का प्रतिशत ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार वोडाफोन आइडिया (वीआई) में प्रमुख हिस्सेदार बन गई है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी व्यौरा क्या है;

(ग) वोडाफोन आइडिया (वीआई) में अन्य प्रमुख हिस्सेदारों की शेयरधारिता के पैटर्न का ब्यौरा क्या है;

(घ) वर्तमान में वोडाफोन आइडिया (वीआई) के परिचालन और प्रबंधन नियंत्रण का ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या सरकार के पास वोडाफोन आइडिया (वीआई) का परिचालन और प्रबंधन नियंत्रण नहीं है और यदि हाँ, तो क्या इसे सुदृढ़ व्यावसायिक शासन प्रथाओं से विचलन माना जाता है; और

(च) यदि हाँ, तो इस संबंध में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है?

उत्तर

संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री

(डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर)

(क) वर्तमान में, सरकार के पास मेसर्स वोडाफोन आइडिया लिमिटेड की 49 प्रतिशत इक्विटी शेयर पूंजी है।

(ख) वर्तमान में, भारत सरकार, वोडाफोन आइडिया लिमिटेड में सबसे बड़ी एकल शेयरधारक है। शेयरों को कंपनी के समायोजित सकल राजस्व (एजीआर) और सरकार को देय स्पेक्ट्रम-संबंधी बकाया देयता को इक्विटी शेयरों में परिवर्तित करके अधिगृहीत किया गया है।

(ग) सार्वजनिक रूप से उपलब्ध जानकारी के आधार पर, वोडाफोन समूह और आदित्य बिड़ला समूह के पास क्रमशः 16.07 प्रतिशत और 9.57 प्रतिशत की हिस्सेदारी है, जबकि भारत सरकार की 49 प्रतिशत हिस्सेदारी के अलावा, शेष 25.36 प्रतिशत हिस्सेदारी अन्य सार्वजनिक शेयरधारकों के पास है।

(घ) वोडाफोन आइडिया लिमिटेड का प्रचालन और प्रबंधन नियंत्रण, कंपनी अधिनियम, 2013 के लागू उपबंधों और अन्य लागू कानूनों और विनियमों के अनुसार कंपनी के निदेशक मंडल की देखरेख में कंपनी के प्रबंधन द्वारा किया जाता है।

(ङ) और (च) भारत सरकार, वोडाफोन आइडिया लिमिटेड के प्रचालन या दिन-प्रतिदिन के प्रबंधन में भाग नहीं लेती है और इसकी शेयरधारिता को लागू भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड के विनियमों के तहत सार्वजनिक शेयरधारिता के रूप में वर्गीकृत किया गया है। तदनुसार, इस संबंध में कुछ भी स्वीकृत कॉर्पोरेट गवर्नेंस प्रक्रियाओं से हटकर नहीं किया गया है।

***